कालेज कोड - LU5089

फोन नं. [redacted]
9044441555

# श्री गिरिजा दयाल मिश्रा महाविद्यालय

किशुनापुर सुजावलपुर, पोस्ट मखुआपुर, बरई जलालपुर, खैराबाद, सीतापुर

पत्रांक.......... 14 AUG 2026 8362 दिनांक 14/08/2026

**सेवा में,**

श्रीमान कुलसचिव,
लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

**विषय: प्रवक्ताओं के चयन अनुमोदन हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने के संबंध में।**

महोदया,

निवेदन है कि प्रवक्ताओं के चयन अनुमोदन के लिए इसे लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का आदेश देने की कृपा करें।

**संलग्नक:**

• विज्ञापन की छायाप्रति

**भवदीय,**

**सादर,** 14.8.2026

**प्रबंधक**

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस को चकमा देकर अयोध्या पहुंचे अमेठी सांसद

अमेठी, अमृत विचार : राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मुद्दे को लेकर कांग्रेस के प्रस्तावित अयोध्या कूच से पहले अमेठी में मंगलवार देर रात सियासी हलचल तेज हो गई। कानून-व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस ने कई कांग्रेस नेताओं के घरों पर पहरा बैठा दिया, लेकिन अमेठी से कांग्रेस सांसद किशोरी लाल शर्मा पुलिस को चकमा देकर देर रात ही अयोध्या के लिए रवाना हो गए। उनके साथ जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल और पूर्व एमएलसी दीपक सिंह भी अयोध्या पहुंच गए है। प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर बुधवार सुबह 9 बजे गौरीगंज स्थित कांग्रेस कार्यालय से अयोध्या के लिए रवाना होने का कार्यक्रम तय था। इससे पहले ही पुलिस ने विधानसभा जगदीशपुर के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी विजय पासी, धर्मेंद्र शुक्ल, देवमणि तिवारी, सर्वेश सिंह और अवनीश सेनानी समेत कई नेताओं के घरों के बाहर पुलिस बल तैनात कर दिया। बुधवार सुबह गौरीगंज स्थित कांग्रेस कार्यालय पर ताला लटका मिला। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि उन्हें घरों से बाहर निकलने से रोका गया।

### समारोह में विद्यार्थियों को मिली डिग्री

अमेठी, अमृत विचार : इंदिरा गांधी स्कूल एंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग मुंशीगंज में सोमवार को देर शाम द्वितीय दीक्षांत समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। आयोजित समारोह में बीएससी नर्सिंग, पीबीबीएससी नर्सिंग और एमएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। मुख्य अतिथि एबीवीएमयू, लखनऊ के डीन नर्सिंग डॉ. अशोक कुमार बिश्नोई ने कहा कि नर्सिंग केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और मानवता का दायित्व है। प्रिकोन्सर यूनिवर्सिटी, लीमा (पेरू) के कुलपति प्रो. डॉ. कोप्पुला बाबू ने कहा कि वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों के इस दौर में प्रशिक्षित और संवेदनशील नर्सों की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। इस दौरान प्रिंसिपल डॉ. रमेश एस और वाइस प्रिंसिपल गोमती एम रहीं।

# प्रेमी के पहुंचने पर टॉवर से उतरी किश

## शेखवापुर गांव में निकाह करने की जिद पर प्रेम प्रसंग को लेकर चला हाईवोल्टे

शुकुल बाजार (अमेठी)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के शेखवापुर गांव में मंगलवार तड़के प्रेम प्रसंग को लेकर उस समय हाईवोल्टेज ड्रामा देखने को मिला, जब एक किशोरी अपने प्रेमी से निकाह कराने की जिद में घर से निकलकर गांव के बाहर लगे करीब 100 फीट ऊंचे मोबाइल टॉवर पर चढ़ गई। किशोरी लगभग 75 फीट की ऊंचाई पर बैठी रही और सुबह चार बजे से करीब नौ बजे तक चले पांच घंटे के घटनाक्रम के दौरान नीचे उतरने से इनकार करती रही। हालांकि प्रेमी के पहुंचने के बाद किशोरी टॉवर से नीचे उतर आई।

घटना की जानकारी ग्रामीणों ने डायल 112 पुलिस को दी। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी अतुल सिंह, महिला थाना प्रभारी दीपशिखा, शुकुल बाजार थाना प्रभारी चन्द्रशेखर यादव सहित पुलिस बल और फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं।



मोबाइल टॉवर पर चढ़ी किशोरी को उतारता किशोर। अमृत विचार




घटना क्रम के दौरान लगी ग्रामीणों की भीड़ व मौजूद पुलिस।

पुलिस और परिजनों ने काफी देर तक किशोरी को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह अपनी जिद पर अड़ी रही। पुलिस के अनुसार किशोरी का गांव के ही एक नाबालिग किशोर से प्रेम संबंध है। दोनों निकाह करना चाहते थे, लेकिन परिजन इसके लिए तैयार नहीं थे। इसी बात से नाराज होकर किशोरी मोबाइल टावर पर चढ़ गई। उसने साफ कह दिया कि जब तक उसका प्रेमी मौके पर नहीं आएगा, वह नीचे नहीं उतरेगी। इसी दौरान किशोरी ने टॉवर से अंग्रेजी के 'जी' अक्षर वाली एक अंगूठी नीचे फेंकी। पुलिस ने इसे सुराग मानते हुए युवक की पहचान की और माइक से घोषणा कर उसे मौके पर बुलाया। प्रेमी के पहुंचने के बाद दोनों के बीच बातचीत हुई, जिसके बाद किशोरी शांत हो गई और मुस्कुराते हुए सुरक्षित टॉवर से नीचे उतर आई। घटना के ग्रामीणों की भीड़ जमा भी अनहोनी से बचने ब्रिगेड ने टावर के नी की व्यवस्था की गई थ

वहीं क्षेत्राधिकारी बताया कि किशोरी को उतार लिया गया है कि दोनों नाबालिग हैं परिजनों से बातचीत क

# ससुराल जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

मुंशीगंज (अमेठी)

**अमृत विचार।** स्थानीय कस्बे के नौगवां गांव में हुई एक सड़क दुर्घटना में सुल्तानपुर निवासी 25 वर्षीय युवक दुर्गेश कुमार की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गाँव में शोक की लहर दौड़ गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुर्गेश कुमार पुत्र राज बहादुर, ग्राम नेवादा, कुड़वार, जनपद सुल्तानपुर के निवासी थे। वे अपनी ससुराल पूरे भगवानदीन का पुरवा में आए थे। उनकी ससुराल महादेव गुप्ता के यहां थी। मंगलवार को वह अपने दोपहिया वाहन से सुल्तानपुर रायबरेली- राजमार्ग पर जा रहे थे। तभी रायबरेली की ओर से आ रही बस ने उनको टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वह गिर पड़े और उनकी वहीं पर मृत्यु हो गई। टक्कर मारने वाली परिवहन निगम की बस का अभी तक कुछ पता नहीं चला। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुँचकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

दुर्गेश कुमार के असामयिक निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वह अपने मां-बाप की इकलौती संतान थे और अभी फरवरी में ही उनकी शादी हुई थी।

**प्रा. विद्यालय में चोरों ने हाथ किया साफ, अमेठी।** विकासखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मोहनपुर में मंगलवार को चोरी की घटना सामने आई। चोर विद्यालय की खिड़की तोड़कर अंदर घुस गए और दो सीलिंग पंखों समेत अन्य सामान उठा ले गए। घटना की जानकारी मिलने पर बीईओ व विद्यालय स्टाफ ने निरीक्षण किया तो कमरे का सारा सामान अस्त-व्यस्त मिला।

आवश्यकता है

प्राचार्य/सहायक प्रवक्ता यू0जी0सी0 के मानकानुसार निर्धारित नियमानुसार बी0एस0सी0 संकाय के अन्तर्गत रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान भौतिक विज्ञान, एवं गणित विषयों के लिए योग्य / अनुभवी अभ्यर्थी अपना आवेदन एक सप्ताह में हमारे कैम्प कार्यालय स्व0 श्री गिरजादयाल मिश्रा महाविद्यालय किशुनापुर (सीतापुर) में जमा करें।

**राजन मिश्रा**, प्रबंधक
स्व0 श्री गिरजादयाल मिश्रा महाविद्यालय
किशुनापुर (सीतापुर)
मो0- 9044441555, 7905436857

ISO 9001 - 201
AH
अति गम्भीर मरीज
ओ.पी.डी
ब्लड बैंक
वेन्टीलेटर
वेन्टीलेटर
वेन्टीलेटर
डायलेसिस
बाल रोग
जच्चा बच्चा
नेत्र रोग
हड्डी एवं
मस्तिष्क
पित्त की
बच्चेदानी
आनन्द भवन